# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.12.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की विभिन्न विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा : आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को गति देने के दिए निर्देश।
2. पूर्व सांसद डॉक्टर राम विलास वेदांती को सरयू में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दी गई जल समाधि : मुख्यमंत्री ने कहा– आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है उनका जीवन।
3. मथुरा में कई बसों के आपस में टकराने से लगी भीषण आग से 13 लोगों की मौत, करीब 70 लोग घायल : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी औऱ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों को दो–दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि देने का किया एलान।

और

4. प्रदेश के अधिकांश ज़िलों में घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित : गौतमबुद्धनगर और गाज़ियाबाद से गुजरने वाले एक्सप्रेस–वे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर घटाई गई वाहनों की अधिकतम गति सीमा।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में विभिन्न विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और वित्त मंत्री सुरेश खन्ना समेत अन्य विभागों के मंत्री और अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सी.एम डैशबोर्ड और वित्तीय स्वीकृतियों की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने आपसी समन्वय के साथ विकास कार्यों को गति देने के निर्देश दिये। बैठक से पहले उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मीडिया से बातचीत में कहा कि सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य जनता के हित को ध्यान में रखते हुए विभागों के कामकाज को बेहतर बनाने को लेकर चर्चा करना है।

बाइट....

*उत्तर प्रदेश के चतुर्मुखी विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। आज आप देखेंगे कि सभी विभागों के बारे में हम और तेजी के साथ कैसे बेहतर काम कर सकते हैं। जनता के हित और जनता के आकांक्षा के अनुरूप उस दिशा में हम सब आज चर्चा करने वाले हैं और प्रदेश पूरे राष्ट्र में नंबर एक के विकसित राज्य के रूप में स्थापित हो रहा है। हमारी जीडीपी में बढ़ोतरी हो रही है। आज प्रदेश पूरे राष्ट्र के पैमाने पर चाहे डेवलपमेंट हो, चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर हो, चाहे लाइन आर्डर हो, औद्योगिक निवेश के मामले में भी प्रथम डेस्टिनेशन औद्योगिक घरानों के लिए साबित हो रहा।*

————————

राम मंदिर आंदोलन के सूत्रधार और पूर्व सांसद डॉक्टर राम विलास वेदांती को आज अयोध्या में सरयू में

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल समाधि दी गई। इससे पहले उनकी अंतिम यात्रा हिंदू धाम आवास से शुरू होकर राम पथ से गुज़री। यात्रा को श्री राम जन्मभूमि मंदिर के सामने से सरयूतट स्थित संत तुलसीदास घाट ले जाया गया। जहाँ गमगीन माहौल के बीच उन्हें जल समाधि दी गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या स्थित हिंदू धाम आश्रम पहुंच कर ब्रह्मलीन महंत डॉ. रामविलास वेदांती को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वेदांती जी महाराज का संपूर्ण जीवन भगवान राम को समर्पित रहा। मुख्यमंत्री ने उनके शिष्यों क प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि वेदांती जी के आदर्श और उनका रामभक्त जीवन आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। बाइट.....

*वेदांती जी महाराज 1983 से लगातार इस आंदोलन के साथ जुड़े थे और भगवान राम के इस पवित्र मंदिर के अभियान के उस हर एक कार्यक्रम के साक्षी वेदांती जी थे, जो उनकी इच्छा थी उसके अनुरूप उनका पूरा जीवन समर्पित था। रामलला का भव्य मंदिर, रामलला का विराजमान और भव्य और दिव्य अयोध्या को अपनी आंखों से देखते हुए उन्होंने अपनी नश्वर काया को छोड़ी है। उन्हें प्रभु श्री राम अपने श्री चरणों में स्थान दें और उनके प्रति मैं विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उनकी स्मृतियों को नमन करता हूं।*

——————————

प्रदेश में आज हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में 17 लोगों की मौत हो गई और 70 लोग घायल हो गए। आज तड़के मथुरा जिले के थाना बलदेव क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस वे पर कई बसों के आपस में टकराने से आग लग

गई, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। जबकि करीब 70 लोग घायल हो गए। हादसा घने कोहरे के कारण हुआ। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन ने मौके पर पहुंच कर राहत और बचाव कार्य शुरू किया। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि घायलों का इलाज कई अस्पतालों में कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है और प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राहत कोष से 2–2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों के लिए 50 हजार रुपये की घोषणा की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 2–2 लाख रुपये और घायलों को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। वहीं एक अन्य हादसे में उन्नाव के बांगरमऊ में आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने से कार में सवार 4 लोगों की की मौत हो गई। ये सभी गाजियाबाद के रहने वाले थे।

———————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोकसभा में विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण विधेयक 2025 पेश किया। यह विधेयक बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का स्थान लेगा। पेश है एक रिपोर्ट....

*इस विधेयक का मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। गांव में हुए सामाजिक आर्थिक बदलावों को देखते हुए केंद्र सरकार विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक 2025 लेकर आई है। नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी, बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है। वहीं, नए विधेयक में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। इस नए विधेयक के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और ग्रामीणों की आय में भी बढ़ोतरी होगी। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ  पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज प्रयागराज में भारत स्काउट एवं गाइड इंटरकॉलेज में आयोजित सामूहिक वन्दे मातरम गायन मे हिस्सा लिया। कार्यकम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वंदेमातरम गीत को गाकर अनगिनत सैनिकों और क्रांतिकारियों ने देश को आज़ादी दिलाई। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए यह गीत प्रेरित करता रहेगा।**

बाइट....

*भारत की जो भावी पीढ़ी है, जिसे विकसित भारत का साक्षात स्वरूप देखना है, उसकी सहभागिता अति उत्साहित करने वाली है और वंदे मातरम एक ऐसा महामंत्र है, जिसे मैं कहता हूं कि सन्यासी विद्रोह की आग जो आजादी के आंदोलन का महामंत्र और जिसके बारे में यह मैं कह सकता हूं कि भारत की शाश्वत जो चेतना का महामंत्र है, वह वंदे मातरम।*

——————————

काशी तमिल संगमम के अंतर्गत तमिलनाडु से वाराणसी आने वाले प्रतिभागियों को काशी सहित प्रयागराज और अयोध्या के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज पर्यटकों का अंतिम दल प्रयागराज पहुंचा। इस दल में करीब 216 धर्म गुरु और 50 तमिल सिखाने वाले शिक्षक शामिल थे। दल के सदस्यों ने संगम में स्नान के साथ दर्शन पूजन किया। इस मौके पर दल में शामिल सदस्यों ने इस कार्यक्रम को एक भारत श्रेष्ठ भारत की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया और इसके आयोजन के लिए प्रधानमंत्री का नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

बाइट....

*काशी तमिल संगम में हम आज यहां त्रिवेणी संगम पर खड़े हैं। यह हमारे लिए एक पुण्य यात्रा बना रही थी। हमारे साउथ इंडियन में होने वाले जैसे मदनी में छोकनादर है, रामेश्वर में रामनाथ जी है, वैसे बड़ा–बड़ा मंदिर बहुत प्रसिद्ध मंदिर है। उसी भगवान को यहां हम काशी में विश्वनाथ की ओर हम देखकर हमें बहुत संतोष हुई। इस शुभ अवसर पर हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और यूपी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी योगी आदित्यनाथ जी सभी को हमारे तमिलनाडु वालों के ओर से बहुत धन्यवाद समर्पित मैं करता हूं।*

——————————

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में ठंड और कोहरे का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। रात से लेकर सुबह तक पड़ने वाले कोहरे से कई जिलों में जन जीवन प्रभावित हो रहा है। बीते कुछ दिनों में तराई वाले जिलों के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की गयी है। घने काहरे के मद्देनजर गौतमबुद्ध नगर और गाजियाबाद में यातायात पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। इसके तहत पन्द्रह फरवरी तक जिले से गुजरने वाले प्रमुख एक्सप्रेस–वे, राष्ट्रीय राजमार्ग और एनएच–9 पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा घटा दी गई है। ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे और दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर भारी वाहनों के लिए अधिकतम रफ़्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटा और हल्के वाहनों के लिए 60 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। कई जिलों में ठंड को देखते हुए स्कूलों के समय में परिवर्तन किया गया है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए घने कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया है।

——————————

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही टी–20 सीरीज का चौथा मैच कल लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में खेला जायेगा। कल के मैच से पहले भारतीय टीम ने आज मैदान पर जमकर पसीना बहाया। अभ्यास सत्र से पहले भारतीय ऑलराउंडर

शिवम दुबे ने कहा कि टीम नए जोश से जीत के इरादे से कल मैदान पर उतरेगी।

—————————